खुली पोल | ग्राम खोड़री नं .1 में भ्रष्टाचार की खुली पोल, गुणवत्ता पर गंभीर सवाल, ग्रामीणों में डर का माहौल

# नल-जल योजना की टंकी में पानी भरते ही होने लगा लीकेज





**अनूपपुर, नवभारत 14 मई।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य देश के हर ग्रामीण घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2019 को इस योजना की घोषणा बड़े सपनों और उम्मीदों के साथ की थी, लेकिन अनूपपुर जिले के ग्राम पंचायत खोड़री नं.1 में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।

जनपद अनूपपुर अंतर्गत ग्राम खोड़री नं.1 में नल-जल योजना के तहत बनाई गई नवीन पानी टंकी की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार टंकी में पहली बार पानी भरते ही जगह-जगह से पानी रिसने लगा। हालत यह रही कि टंकी से सप्लाई कम और लीकेज ज्यादा होने लगा। टंकी की दीवारों से पानी बहने का दृश्य देखकर ग्रामीणों में डर का माहौल है।

### टंकी के धराशाही होने का खतरा

लोगों का कहना है कि टंकी इतनी कमजोर बनाई गई है कि यदि पूरी क्षमता से पानी भरा गया तो उसके धराशायी होने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। घटिया सामग्री और लापरवाही के चलते लाखों रुपये की लागत से बनी टंकी पहली ही परीक्षा में फेल हो गई।

### ठेकेदार पर लगाया मनमानी का आरोप

ग्रामीणों ने पाइपलाइन ठेकेदार पर बदसलूकी और मनमानी के आरोप भी लगाए हैं। आरोप है कि जिन हितग्राहियों द्वारा आधार कार्ड और लिखित सहमति नहीं दी जाती, उनके घरों में पाइप कनेक्शन नहीं दिया जा रहा। इससे गांव में लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### टंकी को डिस्मेंटल करने की मांग

विभागीय अधिकारियों की खामोशी से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या विभाग दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त टंकी को डिस्मेंटल कर नई टंकी बनवाएगा या फिर यह योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी।

#### मोटर के माध्यम से बस्ती में पानी सप्लाई की जा रही

वर्तमान में स्थिति यह है कि टंकी का उपयोग बंद कर सीधे मोटर के माध्यम से बस्ती में पानी सप्लाई की जा रही है। सिर्फ टंकी ही नहीं, बल्कि गांव में बिछाई गई पाइपलाइन व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। जगह-जगह सड़क और गलियों में गड्ढे खोदकर पाइप डाल दिए गए, लेकिन आज तक उनकी सही ढंग से दलाई और फिनिशिंग नहीं कराई गई। खुले गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

#### ठेकेदार पर कार्रवाई को लेकर एसडीओ ने साधी चुप्पी

स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी टंकी निर्माण में भ्रष्टाचार की दीमक लग चुकी है और अब पाइपलाइन बिछाने के कार्य में भी लीपापोती की जा रही है। इस पूरे मामले में जब पीएचई विभाग के एसडीओ दीपक साहू से ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई को लेकर चुप्पी साध ली।



## अगवा नाबालिग तेलंगाना से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

शादी का झांसा देकर भगाने वाला युवक पहुंचा जेल

**अनूपपुर, नवभारत 14 मई।** अनूपपुर पुलिस ने एक महीने पहले लापता हुई 17 वर्षीय नाबालिग को तेलंगाना से बरामद कर गुरुवार को अनूपपुर लाकर परिजनों को सौंप दिया। मामले में किशोरी को भगाने वाले आरोपी श्यामनारायण केवट को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया हैं।

कोतवाली थाना पुलिस ने तेलंगाना राज्य के रंगारेड्डी जिले के सादनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चटानपल्ली से किशोरी को दस्तयाब किया। आरोपी 23 वर्षीय श्यामनारायण केवट अनूपपुर के ग्राम बिजौडी का निवासी जो तेलंगाना में एक निजी कंपनी में मजदूरी का काम करता था। थाना प्रभारी ने बताया कि 15 अप्रैल को किशोरी के अचानक घर से लापता होने की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी।

#### आरोपी का किशोरी से पहले से परिचय था

जांच में सामने आया कि आरोपी श्यामनारायण केवट का किशोरी से पहले से परिचय था। उसने शादी का झांसा देकर नाबालिग को अपने साथ तेलंगाना ले गया था। परिजनों की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ और सायबर सेल की मदद से किशोरी की तलाश की। आरोपी पर कई धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## फलदार पौधों का रोपण करने के दिए निर्देश

जिला पंचायत सीईओ ने बकेली गौशाला का किया निरीक्षण



**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बकेली पहुंचकर कृष्ण गोपाल गौशाला का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला का संचालन कर रही स्व-सहायता समूह की महिलाओं को पशुओं के लिए बरसीम घास लगाने तथा आगामी 15 जून के आसपास गौशाला परिसर की बाउंड्रीवाल के किनारों पर फलदार पौधों का रोपण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की परियोजना अधिकारी मनरेगा रावेन्द्र पटेल एवं एसडीओ आरईएस रमेश पाण्डेय भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने गौशाला परिसर में भूसा भंडार कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

### पौधा रोपण कार्य का किया निरीक्षण

भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम बकेली में हितग्राही लीलाबाई के तहत संचालित 'एक बगिया मां के नाम' पौधा रोपण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लगाए गए पौधों की नियमित सिंचाई सुनिश्चित करने तथा निर्माणाधीन जल कुंड का अवलोकन करते हुए हितग्राही को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद सीईओ ने ग्राम पंचायत परसवार के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बकान टोला में डीएमएफ मद से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का निरीक्षण किया।

## शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना का शुभारंभ आज

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जिले में शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में योजना का जिला स्तरीय शुभारंभ 15 मई को प्रातः 11 बजे स्थानीय डाइट भवन परिसर में किया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार पाण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के कौशल विकास, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण एवं सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से संचालित की जा रही।

## नौतपा से पहले ही भीषण गर्मी का प्रकोप

पारा 40 डिग्री पर पहुंचा, डिहाइड्रेशन के मरीज बढ़े



**अनूपपुर, नवभारत 14 मई।** जिले में नौतपा से पहले ही भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 40. डिग्री दर्ज किया गया, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए लू (हीट वेव) का अलर्ट जारी किया है।

सुबह 10 बजे के बाद से ही सूरज की किरणें तेज होने लगती हैं। दोपहर होते-होते शहर की व्यस्त सड़कें भी सूनी नजर आने लगीं। भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के कारण दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक लोग घरों में रहने को मजबूर हैं, जिससे सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात बन गए हैं। बढ़ते तापमान का सीधा असर जनस्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

### शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें : डॉ. परस्ते

जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में उल्टी-दस्त, तेज बुखार और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

सिविल सर्जन डॉ. एसआर परस्ते ने बताया कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह मौसम काफी संवेदनशील है, और उन्होंने शरीर में पानी की कमी नहीं होने देने की सलाह दी।

#### बिजली व पानी की खपत में वृद्धि

गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में बिजली और पानी की खपत में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। कई क्षेत्रों में दोपहर के समय लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से लोग परेशान हैं। ठंडे पेय पदार्थों जैसे गन्ने का रस, लस्सी और मटके के पानी की मांग भी तेजी से बढ़ी है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें और पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करें।

### एक नजर में

## श्रमिकों के लिए विशेष जागरूकता अभियान 18 व 19 को

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के बच्चों को तकनीकी शिक्षा और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से 18 एवं 19 मई को जिले की चारों जनपद पंचायतों में विशेष जन-जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रम पदाधिकारी, जिला अनूपपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपाल से आई विशेषज्ञ टीम युवाओं को श्रमोदय आईटीआई कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया, कौशल उन्नयन तथा रोजगारपरक प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी देगी। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिक परिवारों के युवाओं को तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रेरित कर आत्मनिर्भर बनाना है। शिविर में श्रमिक हित से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों की समस्याओं एवं शंकाओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 मई प्रातः 11 बजे जनपद जैतहरी दोपहर 1 बजे जनपद अनूपपुर, 19 मई दोपहर 12 बजे जनपद पुष्पराजगढ़ अपरान्ह 3 बजे जनपद पंचायत कोतमा में आयोजित किया जाएगा।



## एपीएन महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** ए.पी.एन. महाविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई) और नवाचारी शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. भरत सोलंकी ने अपने व्याख्यान में कहा कि ए. आई किस प्रकार व्यक्ति की जिंदगी को सरल बना रहा है। लेकिन इसके कारण रोजगार मे कमी आ रही है। महाविद्यालय के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यशाला का शीर्षक बहुत ही नवीनतम एवं वर्तमान पीढी के लिये अत्यंत उपयोगी है। मंच संचालन वीनाक्षी सेतिया खुराना ने किया। कार्यक्रम का संयोजन एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. दिव्या पाराशर एवं एन.एस.एस. अधिकारी अर्चना कुररिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यशाला का लाभ उठाया। साथ ही विशेषज्ञ से सवाल पूछकर विषय से संबंधित शंकाएं दूर की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ समस्त स्टाफ की सक्रिय भूमिका रहीं। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार मानवेंद्र सिंह, प्राचार्या डॉ सोनल खरे, डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया।



## 7वीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बने एसएन पाठक का स्वागत

**नवभारत, जबलपुर।** 7 वीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बने एस एन पाठक का शहर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन की देहरादून में 7 में से 9 में तक 28वीं राष्ट्रीय त्रि वार्षिक अधिवेशन हुआ जहां फेडरेशन के पिछले एवं अगले तीन वर्षों के कार्यों पर मंथन हुआ और अगले तीन वर्ष में मुख्य मुद्दा ओल्ड पेंशन स्कीम आठवां वेतन आयोग अनुकंपा नियुक्ति एवं निगमीकरण का विरोध मुख्य विषय रहा। इस अधिवेशन में आगामी 3 वर्षों के लिए पदाधिकारी चुने गए अपने बेबाक शैली बुद्धिमत्ता एवं दूरदर्शिता के कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के कैडरों की पहली पसंद बने रहे और उन्हें सातवीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से नवाजा गया वहीं अमरीश सिंह पुनः कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त हुए।

## ओवरलोड कोयला वाहनों से बढ़ रहा हादसों का खतरा

बहेरा बांध कोल खदान से निकल रहे ओवरलोड वाहन सड़कों का निकल रहा दम



**बिजुरी, नवभारत 14 मई।** बहेरा बांध कोल खदान से निकल रहे ओवरलोड कोयला वाहनों ने क्षेत्र की सड़कों की हालत बद से बदतर कर दी है। सड़क सुरक्षा नियमों को दरकिनार कर क्षमता से अधिक कोयला लादकर दौड़ रहे हाईवा न केवल सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि दुर्घटनाओं और प्रदूषण का कारण भी बन रहे हैं।

स्थानीय लोगों में इस समस्या को लेकर लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। खदान से कोयला परिवहन में लगे कई वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक कोयला लादकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि खदान प्रबंधन, परिवहनकर्ताओं और तैनात कर्मचारियों की मिलीभगत से यह पूरा खेल चल रहा है। ओवरलोड वाहनों के कारण मुख्य मार्गों के साथ-साथ ग्रामीण सड़कें भी तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही हैं।

### सड़कें हो रहीं जर्जर

क्षमता से अधिक भार ढोने वाले भारी वाहन सड़क की गुणवत्ता पर सीधा असर डाल रहे हैं। बिजुरी से राजनगर जाने वाली सड़क का करीब एक वर्ष पहले ही मरम्मत कार्य कराया गया था, लेकिन लगातार ओवरलोड वाहनों की आवाजाही के चलते सड़क दोबारा खराब हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे और दरारें दिखाई देने लगी हैं। यही स्थिति अन्य मार्गों की भी बताई जा रही है।

#### कोयला गिरने व तेज रफ्तार से दुर्घटना का अंदेशा

ओवरलोड वाहनों के पलटने, कोयला गिरने और तेज रफ्तार के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। कई बार सड़क पर कोयला बिखर जाने से छोटे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

न्यायालय का फैसला, युवती से छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने का मामला

## अब्दुल कादिर और मो. सैफ को एक-एक वर्ष का कारावास




**अनूपपुर, नवभारत 14 मई।** जिले के प्रधान एंव जिला सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश माया विश्वलाल ने थाना चचाई के प्रकरण में युवती का पीछा करने, छेड़छाड़ व लज्जा भंग करने के आशय से रोकना एवं जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी अब्दुल कादिर एंव मो. सैफ मंसूरी को एक-एक वर्ष का कारावास एवं 3200 रूपये का जुर्माने की सजा सुनाई हैं।

लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने गुरूवार को बताया कि आरोपी अब्दुल कादिर एवं मो. सैफ मंसूरी उर्फ लकी को पीडिता का पीछा कर, छेड़छाड़ व उसकी लज्जा भंग करने के आशय से रोकने एवं जान से मारने की धमकी दी। जिस पर फरियादियों ने 24 अगस्त को थाना चचाई में इसकी लिखित शिकायत की।

### दोनों पक्षों द्वारा रखे गए तर्क

पुलिस विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष चालान प्रस्तुत किया। जहां सुनवाई में दोनो पक्षों द्वारा रखे गए तर्कों और बहस तथा मामले की गम्भीरता एवं परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी मो. सैफ मंसूरी व अब्दुल कादिर को दोषी पाते हुए न्यायालय ने 1 वर्ष का कारावास एंव 3200 रूपये का जुर्माने की सजा सुनाई।

समीक्षा बैठक | कलेक्टर ने कहा- जल जीवन मिशन योजनाओं की मॉनिटरिंग सर्वोच्च प्राथमिकता, रोजगार सहायकों को किया जाएगा ऑनबोर्ड

# जल दर्पण एप से होगी नल-जल योजनाओं की निगरानी : पंचोली




**अनूपपुर, नवभारत 14 मई।** कलेक्ट र हर्षल पंचोली ने कहा है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित नल-जल योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं संचालन की निगरानी जल दर्पण एप के माध्यम से सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग, पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके। कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर पंचोली ने जिले में संचालित नल-जल योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले में कुल 371 परियोजनाओं का संचालन जारी है।

### त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना होगा

कलेक्टर पंचोली ने ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायकों को 'जल दर्पण' पोर्टल पर ऑनबोर्ड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोजगार सहायकों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर संबंधित उपयंत्रियों को समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना होगा तथा योजनाओं की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करनी होगी।

### रोजगार सहायकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

इसके लिए रोजगार सहायकों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि नल-जल योजनाओं के अंतर्गत बिजली मीटर लगाए जाने का प्रावधान है, लेकिन अब तक कई स्थानों पर मीटर स्थापित नहीं किए गए हैं, जबकि बिजली बिल लगातार भेजे जा रहे हैं। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं ग्राम पंचायत सचिवों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र मीटर लगाने के निर्देश दिए।

#### योजनाओं का हस्तांतरण सुनिश्चित किया जाए

कलेक्टर ने नल-जल योजनाओं के हस्तांतरण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक सप्ताह एक कार्यक्रम आयोजित कर योजनाओं का हस्तांतरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मई माह में प्रत्येक विकासखंड में कम से कम एक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पीएम गति शक्ति योजना, जल जीवन मिशन के संचालन एवं रखरखाव से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।